web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 29

## चक्रवाती तूफान 'दाना' का रेल और फ्लाइट सेवाओं पर असर शुरू, 300 से ज्यादा ट्रेनें कैंसिल; 16 घंटे उड़ानों पर रोक

नई दिल्ली । आरएनएस

चक्रवाती तूफान 'दाना' का असर ओडिशा और पश्चिम बंगाल में दिखना शुरू हो गया है। कई स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। चक्रवाती तूफान का असर का रेल और विमान सेवाओं पर भी पड़ा है। इसकी वजह से 300 से ज्यादा ट्रेनों को कैंसिल करना पड़ा है। इनमें करीब 200 लोकल ट्रेनें भी शामिल हैं। जिन ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है, उनमें हावड़ा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस, शालीमार-पुरी सुपर फास्ट एक्सप्रेस, नई दिल्ली-भुवनेश्वर एक्सप्रेस, हावड़ा-भुवनेश्वर एक्सप्रेस, हावड़ा-पुरी सुपर फास्ट एक्सप्रेस प्रमुख रुप से शामिल हैं। इसके अलावा 16 घंटे के लिए विमानों पर रोक लगा दी गई है। एनडीआरएफ की 50 से ज्यादा टीमें तैनात की गई हैं।

ये ट्रेनें भी रहेंगी कैंसिल

रेलवे के अनुसार, 25 अक्टूबर तक कई ट्रेनें कैंसिल रहेंगी। दक्षिण पूर्व रेलवे के अनुसार, हावड़ा-सिकंदराबाद फलकनुमा एक्सप्रेस, कामाख्या-यशवंतपुर एसी एक्सप्रेस, हावड़ा-भुवनेश्वर शताब्दी एक्सप्रेस, हावड़ा-पुरी शताब्दी एक्सप्रेस और हावड़ा-यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेनें भी रद्द की गई हैं।



चक्रवाती तूफान दाना के मद्देनजर पूर्वी रेलवे अपने सियालदह मंडल में बृहस्पतिवार रात आठ बजे से शुक्रवार सुबह 10 बजे तक 190 लोकल ट्रेन का परिचालन नहीं करेगा। पूर्वी रेलवे (ईआर) के अधिकारी ने कहा कि 24 अक्टूबर को रात आठ बजे से सियालदह स्टेशन से कोई भी लोकल ट्रेन नहीं चलाई जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जिस समय चक्रवात आने की आशंका है, उस दौरान कोई भी ट्रेन स्टेशन से दूर ना रहे।

रद्द की गई ट्रेन में सियालदह-कैनिंग खंड में 13 अप और 11 डाउन ट्रेन, सियालदह-लक्ष्मीकांतपुर खंड में 15 अप और 10 डाउन ट्रेन, सियालदह-बडगे बज खंड में 15 अप और 14 डाउन ट्रेन, सियालदह-डायमंड हार्बर खंड में 15 अप और 15 डाउन ट्रेन, सियालदह-बरुईपुर खंड में सात अप और नौ लोकल ट्रेन तथा सियालदह-बारासात/हसनाबाद खंड में 11 अप और नौ डाउन लोकल ट्रेन शामिल हैं।

### ओडिशा और बंगाल में तबाही मचा सकता है दाना, केन्द्र और राज्य सरकारें सतर्क

**राहत और बचाव की सभी तैयारियों युद्धस्तर पर जारी**

बंगाल की खाड़ी में उठे भीषण चक्रवाती तूफान दाना का दैत्य ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटवर्ती जिलों में भारी तबाही मचा सकता है। यह चक्रवात ओडिशा के 18 जिलों और पश्चिम बंगला के कुछ जिलों को प्रभावित कर सकता है। लोगों का कहना है कि ओडिशा में प्रभावित होने वाले जिलों की संख्या को देखते हुए लगभग आधा ओडिशा इस तूफान से प्रभावित हो सकता है। दोनों राज्य सरकारों सहित केन्द्र सरकार ने भी ओडिशा और पश्चित बंगाल में जनजीवन की सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए हैं। ओडिशा में 6 हजार से ज्यादा राहत शिविर बनाए गए हैं। दोनों राज्यों में राहत और बचाव कार्यों के लिए सभी तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। हालात को देखते हुए ओडिशा के बालेश्वर, भद्रक, जगतसिंहपुर और केन्द्रापाड़ा जिलों जहां रेड अलर्ट जारी किया गया है वहीं अन्य 14 जिलों में भी हर प्रकार के सतर्कतामुलक उपाय किए जा रहे हैं। इन जिलों में पुरी, खुरदा, सम्बलपुर, कटक आदि शामिल हैं। सम्बलपुर छत्तीसगढ़ का निकटवर्ती जिला है। पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर सहित कुछ जिले इससे प्रभावित हो सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार ओडिशा के बालेश्वर, भद्रक, जगतसिंहपुर और केन्द्रापाड़ा जिलों में लगभग 50 किलोमीटर के दायरे में इस समुद्री चक्रवात का अधिक असर पडऩे की आशंका है।

अलग-अगल टीवी चैनलों में दी जा रही जानकारी के अनुसार यह तूफान ओडिशा के भीतर कनिका अभ्यरण्य और धामरा बंदरगाह के इलाके में आज 24 अक्टूबर की मध्य रात्रि या कल 25 अक्टूबर की सुबह जमीन से टकरा सकता है। इसके बाद 100 से 120 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलेंगी और भारी वर्षाहोगी। राज्य के तटवर्ती कई जिलों में इसके पहले ही बारिश शुरू भी हो चुकी है। मौसम विभाग ने कुछ जिलों में इस तूफान के कारण भारी वर्षा की भी चेतावनी दी है।

उधर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने जहां राज्य के मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करके स्थिति की समीक्षा की है, वहीं उन्होंने अपनी सरकार के मंत्रियों को भी अलग-अलग जिलों में जाने और राहत तथा बचाव उपायों की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री मांझी ने आज संवाददाताओं को बताया कि चक्रवाती तूफान के आने की प्रबल आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए अब तक तीन लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। मांझी ने कहा कि सरकार सजग और सतर्क है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### महाराष्ट्र : पिंपरी चिंचवड़ के भोसरी इलाके में बड़ा हादसा, पानी की टंकी का हिस्सा गिरने से 3 मजदूरों की मौत, 7 घायल

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के पिंपरी चिंचवड़ के भोसरी इलाके में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। गुरुवार को निर्माणाधीन पानी की टंकी का एक हिस्सा अचानक गिर गया, जिससे तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय मजदूर निर्माण कार्य में जुटे थे। प्रशासन और राहत टीमों ने तेजी से मौके पर पहुंचकर घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी की वजह से यह हादसा हुआ। स्थानीय पुलिस और नगर निगम के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए पीड़ितों के परिवारों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

### मातम में बदली खुशियां: बारातियों से भरी स्कार्पियो कार हुई दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत; तीन घायल

**मेदिनीनगर (आरएनएस)।** झारखंड के पलामू जिले के मनातू प्रखंड के उरुर जंगल में बारात जा रही स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें चार व्यक्तियों की मौत हो गई है जबकि तीन अन्य घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निर्मल उरांव दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे औऱ शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।बारात बिहार के गया जिला के छकरबंधा गांव से लेस्लीगंज आ रही थी। मृत व्यक्तियों में दूल्हे के रिश्तेदार जावेद अंसारी, आसिन अंसारी एवं दो अन्य शामिल हैं। सभी मृतकों की उम्र लगभग 50 से 55 वर्ष बताई जा रही है। शादी की खुशियों के माहौल में यह घटना मातम का कारण बन गई। घायलों को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भेजा गया है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन मेदनी नगर पहुंचे हैं।

### मां के कंकाल के साथ 3 महीनों तक रहा बेटा, नहीं किया अंतिम संस्कार

**गुवाहाटी ।** असम के गुवाहाटी के ज्योतिकुची इलाके से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। 40 वर्षीय जयदीप देव ने अपनी मां पूर्णिमा देवी के शव को तीन महीने तक घर में रखा। पुलिस ने बताया कि जयदीप को मानसिक रूप से बीमार होने के संदेह में हिरासत में लिया गया है। पड़ोसियों की शिकायत के बाद पुलिस ने जयदीप के घर पर छापा मारा। घर के अंदर पूर्णिमा देवी का कंकाल मिला। पुलिस के अनुसार, जयदीप का मानना था कि उसकी मां फिर से जीवित हो जाएंगी। वह रोजाना मां के लिए खाना लाता था और पूजा भी करता था। जानकारी के अनुसार, पूर्णिमा देवी की मृत्यु तीन महीने पहले हुई थी। जयदीप ने किसी को इसकी जानकारी नहीं दी। जयदीप मानसिक रूप से बीमार था और धार्मिक अनुष्ठानों में विश्वास रखता था। जयदीप अपनी मां की पेंशन पर निर्भर था। पुलिस ने जयदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है। यह घटना पूरे इलाके में सनसनी फैला रही है। लोग जयदीप के इस कृत्य से हैरान हैं।

## सीबीएसई बोर्ड ने किया ऐलान, 1 जनवरी से शुरू होंगे कक्षा 10वीं और 12वीं के प्रैक्टिकल एग्जाम

नई दिल्ली । आरएनएस

सीबीएसई ने कक्षा 10वीं और 12वीं के प्रैक्टिकल एग्जाम की घोषणा कर दी है। सीबीएसई ने सर्कुलर जारी कर इसकी जानकारी दी है। सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए प्रैक्टिकल परीक्षाएं और इंटरनल असेसमेंट 1 जनवरी से आयोजित किए जाएंगे, और थ्योरी पेपर 15 फरवरी, 2025 से शुरू होंगे।

इन तारीखों का जिक्र सीबीएसई ने हाल ही में जारी एक सर्कुलर में किया गया है, जिसमें बोर्ड परीक्षा के पेपर के लिए नंबरों का सब्जेक्टवाइज डिटेल शेयर किया गया है। बोर्ड परीक्षा के अंकों के बारे में सीबीएसई का सर्कुलर ष्ड्ढह्यद्ग.द्दश1.द्बठ्ठ पर देखा जा सकता है।

गौरतलब है कि शीतकालीन सत्र वाले स्कूलों के लिए सीबीएसई की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 5 नवंबर से 5 दिसंबर 2024 के बीच होंगी। पिछले सर्कुलर में बोर्ड ने कहा था कि हालांकि परीक्षा नियमावली में जिक्र है कि प्रैक्टिकल एग्जाम



1 जनवरी से होंगी, लेकिन शीतकाल वाले स्कूलों के उस महीने बंद रहने की उम्मीद है।

अब इसके बाद बोर्ड एग्जाम की डेटशीट का इंतजार है। पिछले रुझानों के मानें तो, थ्योरी पेपर के लिए सीबीएसई टाइमटेबल दिसंबर में जारी होने की संभावना है। जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2025 में देश-विदेश के 8,000 स्कूलों में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में करीब 44 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे।

## एयर इंडिया समेत 70 से अधिक विमानों को बम से उड़ाने की धमकी, केंद्र अलर्ट

नई दिल्ली

एयर इंडिया समेत 70 से अधिक भारतीय विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जानकारी के अनुसार धमकी मिलने के बाद कुछ उड़ानों को डायवर्ट किया गया और अन्य की लैंडिंग के बाद आईसोलेशन-बे में ले जाकर तलाशी ली गई।

सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया, विस्तारा और इंडिगो की लगभग 20 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जबकि आकाश एयर की लगभग 14 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। 11 दिनों में भारतीय एयरलाइनों द्वारा संचालित लगभग 250 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। आकासा एयर के प्रवक्ता ने बताया, 24 अक्टूबर को संचालित



होने वाली कुछ उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। आकासा एयर की आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमें स्थिति पर नजर रख रही हैं और सुरक्षा और नियामक अधिकारियों के संपर्क में हैं। हम स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय में सभी सुरक्षा और संरक्षा प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं। विमानों को बम की धमकियों के मद्देनजर केंद्र सरकार ने बुधवार को सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संयुक्त सचिव संकेत एस भोंडवे की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक बुलाई है।

बता दें कि पिछले कुछ समय से भारतीय विमानन कंपनियों की उड़ानों को लगातार बम से उड़ाने की धमकी मिल रही है। इनमें से कई धमकियां एलन मस्क के स्वामित्व वाले इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स के जरिये दी गई हैं। अब सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक्स को फटकार लगाई है और पूछा है कि इस तरह की अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया हैंडल एक्स के साथ भारत सरकार के संबंधों में पहले भी तल्खी रही है। विवादित पोस्ट को हटाने के मुद्दे पर सरकार एक्स के खिलाफ अदालत तक का दरवाजा खटखटा चुकी है। सरकार एक्स के अधिकारियों को आगाह कर चुकी है कि उनको स्थानीय कानूनों का पालन करना होगा।

### जयपुर में ज्वेलर को लूटा

## व्यापारी पर सरियों और डंडों से हमला, 1.25 करोड़ के गहने ले गए

जयपुर । आरएनएस

जयपुर के मुहाना इलाके में व्यापारी रामकरण प्रजापत पर उस समय हमला हुआ, जब वह अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। कार में सवार ज्वेलर के पास करोड़ों की संपत्ति थी, जिसे लुटेरों ने घात लगाकर हथिया लिया। लूट की यह सनसनीखेज वारदात बुधवार रात करीब साढ़े 9 बजे की है, जब कार सवार बदमाशों ने रामकरण की गाड़ी पर सरियों और डंडों से हमला कर दिया। बदमाश कुल 1.25 करोड़ रुपए के गहने लेकर फरार हो गए। घटना के मुताबिक रामकरण ने जैसे ही अपनी कार को घर की ओर मोड़ा, कुछ दूरी पर सुनसान जगह पर इंतजार कर रहे बदमाशों ने हमला किया। डंडों और सरियों से लैस इन अपराधियों ने रामकरण की कार पर हमला कर दिया, जिससे ज्वेलर जान बचाने के लिए कार छोडक़र भाग खड़े हुए। इस बीच, बदमाश उनकी गाड़ी में रखा एक बैग लेकर फरार हो गए, जिसमें करीब 1 किलो सोना और 35 से 40 किलो चांदी थी। भाग्यवश, एक अन्य बैग कार में छूट गया, जिसमें 200 ग्राम सोना और 5 किलो चांदी सुरक्षित बच गई।



घटना की सूचना मिलते ही मुहाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एडिशनल डीसीपी साउथ ललित किशोर शर्मा के अनुसार, पूरे जयपुर में ए श्रेणी की नाकाबंदी करवाई गई, लेकिन गुरुवार सुबह तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिला। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया कि इस वारदात के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस की तफ्तीश बदमाशों की रैकी पर केंद्रित है, क्योंकि इस घटना से ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधियों ने व्यापारी के मूवमेंट पर कई दिनों से नजर रखी होगी।

घटना के समय, ज्वेलर का छोटा बेटा विनोद बाइक पर पीछे-पीछे घर आ रहा था, जबकि बड़ा बेटा मनीष पहले ही घर पहुंच चुका था। वारदात के बाद विनोद घटनास्थल पर पहुंचा, लेकिन तब तक बदमाश कार लेकर फरार हो चुके थे। पीड़ित परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद से ही इलाके में पुलिस सक्रिय है।

अब तक लूटे गए माल की अनुमानित कीमत 1.25 करोड़ रुपये बताई जा रही है, जिसमें मुख्य रूप से 1 किलो सोना और 35 किलो चांदी शामिल है। पुलिस ने इस वारदात में शामिल बदमाशों को पकडऩे के लिए शहर भर में तलाशी अभियान चलाया है और इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि यह घटना किसी प्रोफेशनल गैंग द्वारा अंजाम दी गई है, जो पहले भी इस प्रकार की वारदातों में लिप्त रही हो सकती है।

पुलिस की जांच जारी है, लेकिन लुटेरों का कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है, जिससे शहर में व्यापारी वर्ग में दहशतऔर चिंता का माहौल है।

## मुख्तार अंसारी के करीबी अफजाल की करोड़ों की संपत्ति कुर्क, दो स्थानों पर हुई कार्यवाई

मऊ । आरएनएस

मुख्तार अंसारी के करीबी अफजाल पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने अफजाल की एक करोड़ 82 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली है।

पुलिस की ओर से यह कार्रवाई शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के सहादतपुरा इलाके में की गई, जहां पुलिस ने दो स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। इस कार्रवाई में शहर कोतवाली थाना क्षेत्र की पुलिस के अलावा दो अन्य थानों की फोर्स भी शामिल थी। पुलिस टीम में सीओ सिटी और नायब तहसीलदार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि यह संपत्ति अपराध जगत से अर्जित की गई थी, और इसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

सीओ सिटी अंजनी कुमार पांडेय ने बताया कि जनपद मऊ की पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश में कुर्की की कार्रवाई की गई है। इसमें 258/ 24 खनन कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे के मामले में मुख्य आरोपी अफजाल है, जो एक प्रमुख माफिया है और जो मुख्तार अंसारी से संबंधित है। वह अवैध तरीकों से धन अर्जित करता रहा है। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी कुर्की की कार्रवाई की गई थी, और उसी क्रम में अब संपत्ति का चिह्नांकन कराते हुए दोबारा कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। आज दो मामलों में कुर्की की कार्रवाई की गई है। पहली संपत्ति की कीमत एक करोड़ 36 लाख आठ हजार रुपये है, जिसमें अफजाल ने अपने सहयोगियों प्रशांत सिंह और सरफराज के नाम पर समझौता किया था।

## मुंबई पुलिस को बड़ी सफलता, सलमान खान को धमकी देकर पांच करोड़ की फिरौती मांगने वाला गिरफ्तार

मुंबई । आरएनएस

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को जान से मारने धमकी और पांच करोड़ रुपए की फिरौती मांगने वाले को मुंबई पुलिस ने झारखंड से गिरफ्तार किया है। दरअसल, कुछ दिन पहले मुंबई ट्रैफिक पुलिस के हेल्पलाइन नंबर पर सलमान खान को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी मिली थी।

धमकी देने वाले आरोपी ने पांच करोड़ रुपए की फिरौती की मांग की थी और बॉलीवुड एक्टर को जान से मारने को कहा था। हालांकि, बाद में आरोपी ने उसी हेल्पलाइन नंबर पर माफी थी। अब मुंबई पुलिस ने आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार कर लिया है और उसको पूछताछ के लिए मुंबई ले जाया जा रहा है।



मुंबई पुलिस ने बुधवार को बताया कि सलमान खान को धमकी देने वाला आरोपी झारखंड के जमशेदपुर से गिरफ्तार किया गया है। वर्ली पुलिस की एक टीम उससे पूछताछ कर रही है। बता दें कि पिछले हफ्ते मुंबई ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर सलमान खान से 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांग करते हुए एक धमकी भरा संदेश मिला था। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी।

बॉलीवुड एक्टर को चेतावनी दी गई थी अगर उन्होंने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथ मामले को सुलझाने के लिए 5 करोड़ रुपये नहीं दिए तो उनका हश्र मारे गए मुंबई के एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा।

यह धमकी भरा मैसेज मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर पर 17 अक्टूबर को आया था। आरोपी ने अपने मैसेज में लिखा था, 'अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं और लॉरेंस बिश्नोई से दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं, तो उन्हें 5 करोड़ रुपये देने होंगे। अगर ऐसा नहीं किया तो उनका हश्र बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा।' हालांकि, उसी हेल्पलाइन नंबर पर एक और मैसेज आया, जिसमें दावा किया गया था कि पहला वाला मैसेज गलती से भेजा गया था।

## फ्लाईट में बम की अफवाह से चकरभाठा एयरपोर्ट में मचा हड़कंप

बिलासपुर । आरएनएस

गुरुवार को 70 से अधिक भारतीय विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद कोलकाता की फ्लाइट पर बम की अफ वाह फैलने के चलते बिलासपुर एयरपोर्ट में हडक़ंप मच गया। फ्लाइट में बम होने की सूचना पर चकरभाटा के बिलासा देवी एयरपोर्ट अथॉरिटी ने विमान से पैसेंजर्स को उतारा लिया गया। इस दौरान यात्री दहशत में थे। जिसके बाद पूरी जांच करने के बाद विमान को रवाना किया गया।

गुरूवार को कोलकाता की फ्लाईट में बम होने की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट अथॉरिटी एक्शन में आ गई और सबसे पहले फ्लाईट में सवार यात्रियों को उतार लिया गया तथा सूचना पर तत्काल बम स्क्वार्ड और तकनीकी जानकारों की टीम ने पूरे फ्लाइट का परीक्षण किया। इस दौरान जिला व पुलिस प्रशासन की टीम ने कलेक्टर और एसपी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और फ्लाइट का निरीक्षण किया। एयरपोर्ट में फ ायर ब्रिगेड और अन्य संबंधित विभाग की टीम भी मौजूद रहे। पूरी तरह से निरीक्षण करने के बाद बम की सूचना के अफ वाह निकलने के बाद ही फ्लाइट को रवाना किया गया। इसी दौरान फ्लाईट में सवार यात्री दहशत में थे।




बता दें कि गुरुवार को 70 से अधिक भारतीय विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे सुरक्षा प्रोटोकॉल को लागू किया गया। इस स्थिति के कारण कई उड़ानों को डायवर्ट किया गया और लैंडिंग के बाद उन्हें आइसोलेशन-बे में ले जाकर गहन जांच की गई, लेकिन छानबीन के बाद सभी धमकियों को फर्जी करार दिया गया। जानकारी के अनुसार पिछले 11 दिनों में ही 255 से ज्यादा विमानों में बम की धमकियां मिल चुकी हैं। रिपोट्र्स के मुताबिक, धमकियों के चलते एविएशन सेक्टर को 600 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है।

सूत्रों के अनुसार, एयर इंडिया, विस्तारा, और इंडिगो की लगभग 20-20 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जबकि आकासा एयर की लगभग 14 उड़ानों को भी इसी प्रकार की धमकी दी गई। पिछले 11 दिनों में भारतीय एयरलाइनों द्वारा संचालित लगभग 250 उड़ानों को इस प्रकार की धमकियों का सामना करना पड़ा है।